Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 संख्या – 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शिवहर– 23/2022 5482

प्रेषित,

श्रीमती निधि कुमारी,
(Emp. ID No.-ASO00180),
E-mail : Jhanidhi016@gmail.com
विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बन्दोबस्त कार्यालय, शिवहर।

पटना, दिनांक :– 06/07/2023

विषय :– दिनांक 03.02.2023 को बन्दोबस्त पदाधिकारी, शिवहर की अध्यक्षता में आयोजित विशेष सर्वेक्षण बैठक की उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर नहीं करने एवं वरीय पदाधिकारी के आदेशोल्लंघन के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक 2084 दिनांक 14.03.2023 एवं आपका पत्रांक 27/शि0 दिनांक 15.03.2023

ज्ञाप,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का संदर्भ किया जाय। दिनांक 03.02.2023 को बन्दोबस्त पदाधिकारी, शिवहर की अध्यक्षता में आयोजित विशेष सर्वेक्षण बैठक की उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर नहीं करने के फलस्वरूप बन्दोबस्त पदाधिकारी, शिवहर द्वारा आपसे स्पष्टीकरण की माँग की गई है, जिसके आलोक में आपके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के साथ बन्दोबस्त पदाधिकारी, शिवहर ने अपने पत्रांक 79/बन्दो0 दिनांक 06.02.2023 द्वारा निदेशालय से मार्गदर्शन की अपेक्षा की गयी है। आपके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा की गई है। जिससे आपके अनुशासनहीन व उच्छृंखल आचरण की झलक मिलती है।

ध्यातव्य हो कि राजस्व अधिकारी–सह–कानूनगो, बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के एक राजपत्रित पदाधिकारी (लेवल–7, समूह–'ख') है। यह एक स्थायी पद है, जिसकी नियुक्ति निर्धारित मापदण्डों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए राज्य स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर बिहार लोक सेवा आयोग के अनुशंसोपरान्त प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा किया जाता है, जबकि विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी का पद पूर्णतः मानदेय संविदा आधारित पद है, जो योजना अवधि विस्तार के अन्तर्गत है।

आपका कृत्य/आचरण अनुशासनहीनता का द्योतक है। इस परिपेक्ष्य में आपको चेतावनी दी जाती है। साथ ही सचेत किया जाता है कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने अथवा उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना किये जाने पर संविदा नियोजन समाप्त कर दी जायेगी।

विश्वासभाजन
5/7/23
(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5)क्षे0आ0 (संविदा) शिवहर– 23/2022 5482 **पटना, दिनांक** :– 06/07/2023

प्रतिलिपिः बन्दोबस्त पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0), शिवहर को सूचनार्थ प्रेषित।

5/7/23
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) शिवहर– 23/2022 5482 **पटना, दिनांक** :– 06/07/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R के अन्तर्गत संधारित व्यक्तिगत संचिका में संधारित करें।

5/7/23
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Jyoti-2023\Bablu Sir\Assistant Director\23-2022- 04-07-2023 (Seohar).doc